मसाला पार्क, गुना, मध्य प्रदेश में पफ गोदाम चलाने केलिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई) आमंत्रित करते हुए सूचना

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने मध्यप्रदेश के गुना जिले के गुना में एक मसाला पार्क की स्थापना की है। मसाला पार्क धनिया और बड़ी सौंफ जैसे बीजीय मसालों के प्रसंस्करण केलिए एक सामान्य अवसंरचना सुविधा है। वर्तमान मसाला पार्क की चारों ओर दीवारें, विस्तृत सड़क, जल व बिजली की अबाध आपूर्ति, 33 के.वी. इलेक्ट्रिक लाइन, वेय ब्रिज, कैंटीन, वेयरहाउस एवं पफ गोदाम आदि सुविधाएं हैं।

स्पाइसेस बोर्ड इस पार्क में उपलब्ध पफ गोदाम सुविधा चालू करने केलिए पात्र फ़र्मों/ व्यक्तियों से निम्नलिखित निबंधन व शर्तों के अनुसार अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है :

पफ गोदाम चलाने केलिए निबंधन व शर्तें

1. पफ गोदाम " जैसा है जहां है " स्थिति में भाड़े पर दिया जाएगा ।
2. पफ गोदाम, जिसे चालू करना है, उसका विवरण निम्नानुसार है:

(क) चेंबरों की संख्या : 4

(ख) चेंबर 1 व 2 परिमाप 9.06 मी. x 7.8 मी. x 3.5 मी.

(ग) चेंबर 3 व 4 परिमाप 9.06 मी. x 10.1मी. x 3.5 मी.

(घ) भंडारण केलिए अधिकतम मात्रा : 1135.22 घन मीटर

3. पफ गोदाम को उसके हस्तांतरण की तारीख से लेकर तीन साल की अवधि केलिए भाड़े पर दिया जाएगा।
4. पफ गोदाम चलाने में निर्यातकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. पफ गोदाम का उपयोग बीजीय मसालों के भंडारण केलिए किया जा सकता है; फिर भी मसालों के साथ अन्य कृषि जिन्सों का भी भंडारण किया जा सकता है।
6. पफ गोदाम को अनाजों व गैर-कृषि जिन्सों के भंडारण के लिए भाड़े पर नहीं दिया जाएगा।
7. आबंटन का चयन ई ओ आई प्रस्तुत करने वाले पात्र आवेदकों से एकत्रित वित्तीय बोलियों के आधार पर किया जाएगा।
8. स्पाइसेस बोर्ड पफ गोदाम के उपयोग केलिए भुगतान के आधार पर जल व बिजली प्रदान करेगा ।
9. विस्तृत निबंधन व शर्तें, सुविधा के हस्तांतरण केलिए बनाए जाने वाले करार में शामिल किए जाएंगे।
10. जो भी पफ गोदाम का दौरा करना चाहते हैं, वे सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक, गुना स्थित प्रादेशिक कार्यालय, स्पाइसेस बोर्ड से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं :

डॉ. डी. अजय, वैज्ञानिक सी, स्पाइसेस बोर्ड प्रादेशिक कार्यालय, मसाला पार्क, मावन, जिला गुना, मध्यप्रदेश : 473001,फोन: 07542 284151,मोबाइल : 911144354

पफ गोदाम किराए पर लेने में जो भी इच्छुक हैं, वे अपनी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई) अनुबंध-1 में दिए गए प्रारूप में अपनी कंपनी की विस्तृत प्रोफाइल, पफ गोदाम लेने केलिए प्रस्तावित कार्यकलाप, वित्तीय क्षमताएं आदि विवरण के साथ **15-06-2017** को या उससे पहले निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें ।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति को मुहरबंद लिफ़ाफ़े में निम्न लिखित पते पर भेजें:

डॉ. डी. अजय, वैज्ञानिक सी, स्पाइसेस बोर्ड प्रादेशिक कार्यालय, मसाला पार्क, मावन, जिला गुना, मध्यप्रदेश - 473001

स्थान :29.5.2017 निदेशक(विपणन)

अनुबंध-1

पफ गोदाम किराये पर लेने की ई ओ आई केलिए आवेदन प्रपत्र

1	आवेदक का नाम	
2	पिन नं. सहित डाक पता,इ-मेइल,फ़ैक्स तथा मोबाइल सहित फोन नं.	
3	आवेदक का पी ए एन	
4	टी आई एन सहित वैट रजिस्ट्रीकरण का विवरण	
5	व्यापार के सतत वर्ष और प्रकार	
6	वर्तमान व्यापार में वार्षिक टर्न ओवर	
7	कारोबार के पण्य का प्रकार	
8	वर्तमान में प्रयुक्त वेयर हाउसों/गोदामों की संख्या व विवरण	

(आवेदक का हस्ताक्षर)

स्थान:

तारीख:

कंपनी का मुहर: